महापौर नीरज पाल ने बनवाया अपना आयुष्मान कार्ड

भिलाई नगर/ राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, निगम का अमला डोर टू डोर घरों में जाकर हर व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में महापौर नीरज पाल ने भी शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने पंजीयन करवाये थे और आज उनका आयुष्मान कार्ड बनकर आया। निगम का अमला जिनका राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बना हुआ है उनका आयुष्मान कार्ड तत्काल स्पॉट पर ही बनाने का प्रोसेस किया जा रहा है। जिनके पास राशन कार्ड एवं आधार कार्ड नहीं है वह भिलाई नगर निगम के गुरुद्वारा द्वारा स्थित नेहरू नगर के जोन कार्यालय, वैशाली नगर पानी टंकी स्थित जोन कार्यालय , मदर टेरेसा नगर चंद्रा मौर्या स्थित जोन कार्यालय , खुर्सीपार डबरा पारा स्थित जोन कार्यालय तथा सेक्टर 6 आत्मानंद स्कूल परिसर में स्थित जोन कार्यालय में संपर्क करके आधार अपडेशन व राशन कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए निगम के मुख्य कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने आधार कार्ड बनवाया हैं उन्हें अपना आधार कार्ड अपडेशन करवाना अत्यंत अनिवार्य है। निगम प्रशासन की अपील है कि एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्ड धारी जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह शीघ्र ही अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत एपीएल कार्ड धारी को प्रति व्यक्ति 50,000 तथा बीपीएल राशन कार्ड धारी परिवारों को प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति 500000 की स्वास्थ्य सहायता का प्रावधान निहित है , जिसका लाभ आयुष्मान कार्ड धारी को ही मिलेगा। मैनेजर अमन पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई निगम के द्वारा बीते एक माह में 16000 हजार तथा 26 अप्रैल से अब तक लगे शिविर में 53000 हजार नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है तथा छूटे हुए लोगों से डोर टू डोर संपर्क करके उनका आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जा रहा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र हर नागरिक का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। परिवार का हर सदस्य आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है और स्वास्थ्य योजना का लाभ उठा सकता है। निगम की अपील है कि डोर टू डोर जा रही महिलाओं को सहयोग प्रदान करते हुए अपना आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनवा ले।